Punjab Kesari

Page No:	8	Type:	Newspaper
Page Name:	n.a.	Language:	Hindi
Size:	92 sq. cm	Circulation:	356,204
AVE:	INR 99,841	Frequency:	Daily

Delhi - Apr 26, 2019

News monitored for: Lemon Tree Hotels
Title: Ex Student of IIT Delhi donate Rs 20 crore

आईआईटी दिल्ली को पूर्व छात्र से 20 करोड़ की मदद

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) को 2021 तक वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए पूर्व छात्र पतंजलि जी केसवानी ने संस्थान को 20 करोड़ रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि इससे पहले साल की शुरुआत में पूर्व छात्र अमरजीत बख्शी ने10 करोड़ की पेशकश की थी। लेमन ट्री होटल्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पतंजलि जी केसवानी आईआईटी दिल्ली के 1981 बैच के पूर्व छात्र हैं। आईआईटी दिल्ली परिसर में केंद्रीय अनुसंधान सुविधा भवन की कुल निर्माण लागत 20 करोड़ रुपए वहन करने का संकल्प लिया है। स्वर्ण जयंती गोप और लीला केसवानी अनुसंधान केंद्र के नाम से तैयार होने वाला यह शोध संस्थान आईआईटी परिसर में अकादमिक ब्लॉक के पीछे बनेगा। छह-मंजिला केंद्र छात्रों और संकाय के लिए अनुसंधान संबंधी सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया जाएगा। भवन निर्माण शुरू होने की तारीख से 18 महीने के भीतर पूरा हो जाएगा। आईआईटी दिल्ली और पूर्व छात्र केसवानी के बीच 2010 में अनुसंधान केंद्र स्थापित करने के लिए पहला समझौता हुआ था। इस एमओयू के तहत आईआईटीडी के पूर्व छात्र ने अपने अलमा मैटर को 25 लाख रुपए दान किए थे। लेमन ट्री होटल्स के सीएमडी ने अब कुल निर्माण लागत के 20 करोड़ रुपये को वहन करने की इच्छा व्यक्त की है।

पतंजलि केसवानी के योगदान पर आईआईटी दिल्ली के निदेशक प्रो. वी रामगोपाल राव ने कहा संस्थान इस शोध सुविधा को स्थापित करने में पतंजलि केसवानी द्वारा किए गए योगदान से बहुत प्रसन्न है। इससे परिसर में अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाओं तक पहुंचने में हमारे संकाय और छात्रों को बहुत मदद मिलेगी।

© Punjab Kesari